# चैप्टर – 14
# इन्टेली डाटा टर्मिनल ( आई.डी.टी. )

❖ आई.डी.टी. डाटा को स्टोर और फॉरवर्ड करने वाला विंडोज आधारित मल्टीपोर्ट मैसेज कम्यूनिकेषन सिस्टम है।

❖ सिस्टम का प्रत्येक पोर्ट रेडियो मॉडम, आर.एस. 232 तथा पोलनेट के लिए उपयोगकर्ता द्वारा कान्फीगर किया जा सकता है।

❖ यह सॉफ्टवेयर मैसेज शेड्यूलिंग, स्वीचिंग और रूटींग ऑपरेषनों के लिए यूजर फ्रेन्डली इंटरफेस है। इसमें मैसेज को स्टोर करने और ऑपरेषन को सरल करने के लिए अलग से इनबॉक्स, आउटबॉक्स, ड्रॉफ्ट, सेन्ट, प्रिंट व लॉग फोल्डर है।


❖ यह सॉफ्टवेयर फॉल्ट रेक्टिफिकेषन के लिए एडमिन, रिसीव, सेन्ट, एक्नॉलेजमेंट और एरर लॉग जनरेट करता है।

❖ यह इंटरफेसों के अनाधिकृत कॉन्फीगुरेषन को प्रतिबंधित करने के लिए मल्टी–लेवल यूजर प्रमाणीकरण प्रदान करता है।

❖ यह सॉफ्टवेयर ऑटोमैटिक बिना ऑपरेटर के स्वीकृती के लिए ऑटोमोड और वन–टू–वन कम्यूनिकेषन के लिए चेट मोड को सपोर्ट करता है।

❖ यह सॉफ्टवेयर हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओ में कम्यूनिकेषन के लिए बाईलैंग्यूअल मैसेजिंग फेसेलिटी को सपोर्ट करता है।

**आई.डी.टी. सिस्टम का ब्लॉक–डायग्राम**




चित्र–1

## आई.डी.टी. कम्यूनिकेषन में सहायता देने वाले इंटरफेस :–

| इंटरफेस | विवरण |
|---|---|
| रेडियो मॉडेम | एच.एफ./व्ही.एच.एफ./यू.एच.एफ. नेटवर्क पर डाटा कम्यूनिकेषन के लिए। |
| व्ही–सेट | किसी भी प्रकार के व्ही–सेट आधारित मीडिया से जोडने के लिए जैसे : पोलनेट। |
| आर.एस. 232 सी | किसी भी प्रकार के टर्मिनल से जोडने के लिए आर.एस. 232 स्तर के इंटरफेस से। |

| | |
|---|---|
| टी.सी.पी. / आई.पी. | लेन पर मैसेज भेजने व प्राप्त के लिए। |

**आवष्यक हार्डवेयर :–**

| सामग्री | विवरण |
|---|---|
| प्रोसेसर | पेन्टियम–फोर प्रोसेसर अथवा इससे बेहतर। |
| एच.डी.डी. | हार्ड डिस्क ड्राईव। |
| मेमोरी | 512 एम.बी. रेम। |
| मॉनिटर | डिजिटल कलर मॉनिटर अथवा इससे बेहतर। |
| की–बोर्ड | की–बोर्ड हैबी डयुटी। |
| माउस | ऑप्टीकल मॉउस। |
| पोर्ट | 6 पोर्ट। |
| सी.डी. | कम्बो ड्राईव। |
| प्रिंटर | दो प्रिंटरो को जोडने की सुविधा। |

**आवष्यक सॉफ्टवेयर :–**

❖ विंडोज 2000 / विंडोज एक्स.पी. अथवा उच्च वर्जन।

❖ प्रिंटर ड्रायवर

❖ आई.डी.टी. सॉफ्टवेयर (डॉट नेट फ्रेमवर्क व सेनेटरी लॉक के साथ)

**आई.डी.टी. सॉफ्टवेयर के फीचर्स :–**

➢ यह लेटेस्ट विंडोज आधारित 2000 अथवा उच्च वर्जन को सपोर्ट करता है।

➢ हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओ में मैसेज /डाटा कम्यूनिकेषन के लिए यह सॉफ्टवेयर बाईलैंग्यूअल फेसेलिटी रखता है इसके लिए चार पोर्ट प्रदाय किये गये है।

➢ मैसेज एडिटर

➢ मैसेज शेड्यूलर

➢ मैसेज एडमिनिस्ट्रेटर

➢ ऑन स्क्रीन कनेक्षन स्टेटस


➢ लॉग फाईल जनरेषन

➢ न्यू मैसेज अरायवल इंडीकेटर

➢ इसमें रिसीव / सेंट / ड्रॉफ्ट मैसेज आदि के लिए अलग–अलग फोल्डर है।

➢ इसमें एड्रेस बुक फेसेलिटी है।


## <u>रेडियो मॉडेम का ओवरव्यूव</u>



**फ्रंट व्यू डिस्प्ले :–**


- रेडियो मॉडेम के फ्रंट व्यू के बांयीं ओर में लगा डिस्प्ले आई.डी.टी. सिस्टम का मोड और स्टेटस बताता है।
- इस ब्लेक डिस्प्ले में लगे दो सेवन सिग्मेंट एल.ई.डी. इंडीकेटर्स यह दर्षाते है कि कौन सा मोड उपयोग हो रहा है एवं उस मोड में क्या कार्य हो रहा है।

**मोड इंडीकेटर्स :–**



चित्र–3


'P'डिस्प्ले यह दर्षाता है कि आप व्ही.एच.एफ / यू.एच.एफ. अथवा एच.एफ. मोड में कार्य कर रहे है।



चित्र–4


'C' डिस्प्ले यह दर्षाता है कि आप मॉडेम का उपयोग मोर्स कोड सिग्नल को डिकोड करने के लिए कर रहे है।

**स्टेटस इंडीकेटर्स :–**



चित्र–5


'E' डिस्प्ले ऐरर को दर्षाता है।



चित्र–6


'I' डिस्प्ले आईडियल को दर्षाता है, और तब डिस्प्ले होता है जब कोई ट्रॉफिक ट्रॉन्समिट या रिसीव नही हो रहा हो।

**अन्य इंडीकेटर्स :–**




चित्र–7

यह डिस्प्ले 'मेक्स' को दर्षाता है। तथा मेक्सिमम ट्रॉन्समिषन / रिसेप्षन के लिए है।




चित्र–8

यह डिस्प्ले कनेक्टेड को दर्षाता है। और तब डिस्प्ले होता है जब डाटा पैकेट में किसी स्टेषन से कनेक्ट होता है।




चित्र–9

यह डिस्प्ले स्टेटस को दर्षाता है। और तब तक डिस्प्ले होता है जब तक आपको सेन्ड किये पैकेट का ऐक्नॉलेजमेंट प्राप्त नहीं होता है।




चित्र–10

यह डिस्प्ले मल्टीपल को दर्षाता है। यदि यह लगातार डिस्प्ले होती है अर्थात आप एक से अधिक स्टेषनों से कनेक्टेड है। यदि मल्ट लाईट ब्लींक होती है, अर्थात मॉडेम की मेमोरी बफर फुल होती है।



चित्र–11

यह डिस्प्ले ट्रॉन्समिट को दर्षाता है। और तब डिस्प्ले होता है जब आप डाटा को ट्रॉन्समिट करते है।



चित्र–12

यह डिस्प्ले मेलबॉक्स को दर्षाता है। यह एल.सी.डी. डॉट तब ब्लींक होता है जब आप मेलबॉक्स में मेल के लिए इंतजार करते है।

## बटन / नॉब

- **ट्यून :** यह ट्यूनिंग इण्डिकेटर है। जब आप सिग्नल को ट्यून करते है। तब ट्यून विंडो की एल.ई.डी. फ्रिक्वेंसी के अनुसार मूव होती है।

- **डी.सी.डी.** : डाटा केरियर डिटेक्ट, एच.एफ. में एडजस्टमेंट सही होने पर एल.ई.डी. तब जलेगी जब मॉडेम को कोई सिग्नल/नॉईस प्राप्त होगी। यदि एल.ई.डी. नहीं जलती है अर्थात मॉडेम को कोई सिग्नल प्राप्त नही होगा।

  व्ही.एच.एफ. पैकेट (1200 व 9600 बी.पी.एस.) में एल.ई.डी केवल वेलिड पैकेट सिग्नल प्राप्त होने पर ही जलेगी।

- **ओ.वी.एल.** : यह ओवरलोड को बताता है। जब मॉडेम पर लोड बहुत अधिक होगा, तब यह एल.ई.डी. जलेगी।

- **ऑन** : यह ऑन इण्डिकेटर हैं। और मॉडेम की पॉवर ऑन/ऑफ को बताता है।

## <u>आई.डी.टी. सिस्टम का ऑपरेषन</u>

**यूजर लॉग इन :**


आई.डी.टी. सॉफ्टवेयर की सफलतापूर्वक स्थापना के बाद दो शॉर्टकट डेस्कटॉप पर आते है, प्रथम आई.डी.टी. आउटलुक और दूसरा आई.डी.टी. सर्विस।

आई.डी.टी. सॉफ्टवेयर उक्त दोंनों प्रोग्रामों से मिलकर बना है।

आई.डी.टी. आउॅटलुक प्रोग्राम कम्युनिकेषन के लिए ऑपरेटर इंटरफेस और आई.डी.टी. सर्विस प्रोग्राम इंटरफेस के कॉन्फीगुरेषन के लिए एडमिनिस्ट्रेटर यूटीलिटी है।

**एडमिनिस्ट्रेषन :**

**1. सेटिंग अप स्टेषन** : आई.डी.टी. सॉफ्टवेयर के पूर्ण स्थापना के बाद यह लोकल स्टेषन आई.डी. के लिए पूछता है। आपका लोकल स्टेषन आई.डी. निम्न चित्रानुसार दिखेगा। यहॉ स्टेषन आई.डी. इण्टर कर डन पर क्लिक कीजिए। यह स्थापना के बाद पहली बार ही दिखाई देता है।





चित्र–13

**2. लॉग इन** : स्टेषन आई.डी. के बाद लॉगइन विंडो चित्रानुसार दिखाई देगी। आई.डी.टी. सर्विस के विंडो से कोई एक लॉगइन यूजर सिलेक्ट कर ओके पर क्लिक करेंगे।




चित्र–14

**3. आई.डी.टी. सर्विस के विंडो :** सफलतापूर्वक लॉगईन के बाद चित्रानुसार आई.डी.टी. सर्विस विंडो दिखाई देगी। जहॉ हम सभी इण्टरफेस तथा प्रिंटर को भी कॉन्फीगर कर सकते है।




**आई.डी.टी. सर्विस विंडो की विस्तृत जानकारी :**

**(a) कॉन्फीगुरेषन :** इस बटन पर क्लिक कर हम ऑल इंटरफेस को कॉन्फीगर कर सकते है।

**(b) स्टेषन इन्फॉरमेषन :** यह बटन स्टेषन इन्फॉरमेषन तथा लोकल स्टेषन आई.डी. का कॉन्फीगुरेषन देता है।

**(c) मैनेज आईडेन्टिटीज :** यह बटन आई.डी.टी. सॉफ्टवेयर के यूजर कॉन्फीगुरेषन को इनेबल करता है। यहॉ हम यूजर राईट्स को असाईन या रिस्ट्रिक्ट भी कर सकते है।

**(d) लॉग ऑफ :** यह बटन आई.डी.टी. सर्विस विंडो से लॉग ऑफ के लिए है।

**(e) स्टार्ट :** यह बटन आई.डी.टी. सर्विस को स्टार्ट करता है, चेनल कम्यूनिकेषन को इनेबल करता है।

**(f) स्टॉप :** यह बटन आई.डी.टी. सर्विस विंडो को स्टॉप करता है, चेनल कम्यूनिकेषन को डिसेबल करता है।

**(g) चेंज यूजर :** इस बटन पर क्लिक कर हम यूजर बदल सकते है।

**कम्यूनिकेषन प्रारंभ करना :**

➢ आई.डी.टी. का कॉन्फीगुरेषन पूर्ण होने पर आई.डी.टी. सर्विस को कम्यूनिकेषन के लिए स्टार्ट करते है।

➢ आई.डी.टी. सर्विस स्टार्ट होने के पष्चात सर्विस चैनल स्टेटस विंडो स्वतः डेस्कटॉप स्क्रीन के टॉप पर आता है।


**आई.डी.टी. सर्विस स्टार्ट करने के लिए निम्न बिंदुओं का अनुसरण करते है :**

(1) आई.डी.टी. सर्विस विंडो से स्टार्ट बटन पर क्लिक करते है अथवा दिखाए गए चित्रानुसार डेस्कटॉप स्क्रीन के टॉस्क बार के दाहिने ओर आई.डी.टी. सर्विस आइकॉन पर राइट क्लिक कर स्टार्ट पर क्लिक करते है।




चित्र–16

(2) आई.डी.टी. चैनल स्टेटस विंडो चित्रानुसार डेस्कटॉप स्क्रीन के टॉप पर आता है।




चित्र–17


**चैनल स्टेटस की विस्तृत जानकारी** :–कम्यूनिकेषन के दौरान चैनल के निम्न विभिन्न स्टेटस हो सकते है:–

| स्टेटस | विवरण | रंग |
|---|---|---|
| Auto | चैनल कम्यूनिकेशन कर रहा है। | हरा |
| Idle | कोई ऐक्टिविटी नहीं। | पीला |
| Down | चैनल डाउन है। | लाल |
| Init.. | चैनल इनिशियलाईज हो रहा है। | नीला |
| Conv.. | चेट/कन्वरसेशन मोड प्रोग्रेस में है। | लैवेण्डर |
| Wait.. | अन्सरबैक के लिए वेट कर रहा है। | ब्राउन |
| Connect.. | किसी स्टेशन से कनेक्ट हो कर रहा है। | चॉकलेट |
| Disc.. | मैसेज भेजने के बाद डिस्कनेक्ट हो रहा है। | डार्क ग्रे |
| Auto.. | डिस्कनेक्ट होने के लिए वेट कर रहा है। | डार्क सेलमोन |

(3) यह सुविधा कम्यूनिकेषन के लिए हमेषा ऑन रहनी चाहिए।


(4) यह सुविधा स्टॉप करने के लिए सर्विस आईकॉन बटन पर राईट क्लिक करके स्टॉप बटन पर क्लिक करना चाहिए।

**आउॅटलुक लॉग इन** : डेस्कटॉप पर रखे आई.डी.टी. आउॅटलुक को क्लिक करने पर चित्रानुसार (**चित्र–18**) अनुसार विंडो आऐगी। आई.डी.टी. आउॅटलुक के लॉगइन विंडो से कोई एक लॉगइन यूजर सिलेक्ट कर ओ.के. पर क्लिक करेंगे।




चित्र–18


**आई.डी.टी. आउॅटलुक की मेन विंडो** : यह मैसेज भेजने व प्राप्त करने के लिए यूजर इंटरफेस है। यह बहुत ही आसान व पॉवरफुल इंटरफेस है जो ऑपरेटर के लिए आवष्यक सभी फंक्षन प्रदान करता है। इसमें महत्वपूर्ण फोल्डर्स जैसे इनबॉक्स, आउटबॉक्स, ड्रॉफ्ट, सेंट आदि एक मेन फोल्डर जिसे लोकल फोल्डर कहते है, में होते है।




चित्र–19

## आई.डी.टी. का मैन मीनू :

चित्र में आई.डी.टी. आउॅटलुक का मेन मीनू दिखाया गया है। इस मीनू के फंक्षन आगे टेबल में बताए गये है।





चित्र–20

## आई.डी.टी. के मेन मीनू की विस्तृत जानकारी :

## टूल बार विवरण :

| मीनू | सब मीनू | कार्य |
|---|---|---|
| File | New | नया मैसेज व कॉन्टेक्ट बनाने के लिए। |
| | Folder | नया फोल्डर बनाने अथवा पहले से बने हुए फोल्डर को मूव, रीनेम और डिलीट करने के लिए। |
| | Print | मैसेज प्रिंट करने के लिए। |
| | Switch Identity | अलग–अलग आईडेन्टिटी के बीच स्वीच करने के लिए। |
| | Identities | नया आईडेन्टिटी जोडने अथवा पहले से बने हुए आईडेंन्टिटी को मैनेज करने के लिए। |
| | Import | एड्रेस बुक, चैनल लॉग अथवा एडमिन लॉग को इम्पोर्ट करने के लिए। |
| | Export | एड्रेस बुक, चैनल लॉग अथवा एडमिन लॉग को एक्सपोर्ट करने के लिए। |
| | Exit | आई.डी.टी. आउॅटलुक विंडो से बाहर जाने के लिए। |
| Edit | Delete | मैसेज को डिलीट करने के लिए। |
| | Move to Folder | मैसेज को एक फोल्डर से दूसरे फोल्डर में मूव करने के लिए। |
| | Find Message | फोल्डर में से मैसेज ढूंढने के लिए। |
| | Mark As Read | मैसेज को रीड मार्क करने के लिए। |
| | Mark As Unread | मैसेज को अनरीड मार्क करने के लिए। |
| View | Refresh | विंडो रिलोडिंग करने के लिए मैमोरी रिफ्रेष। |
| | Go to Folder | किसी एक निष्चित फोल्डर में जाने के लिए। |
| | Text Size | मैसेज में टेक्स्ट की साईज बढाने/घटाने के लिए। |
| Tools | Address Book | स्टेषन आई.डी. और उसके कॉल साईन को मैनेज करने तथा ट्रॉन्समिषन के लिए माध्यम की प्रायोरिटी को सिलेक्ट करने के लिए। |
| | Archive messages | मैसेज का बैकअप लेने के लिए। |
| Print Folders | Printing | प्रिंट हो रही अथवा प्रिंटिंग के लिए क्यू में लगी मैसेज को डिस्प्ले करता है। |

**आई.डी.टी. के मेन विंडो का टूल बार** : टूल बार महत्वपूर्ण मीनू आयटम्स का आसानी से उपयोग करने के लिए चित्रानुसार शार्टकट देता है। यूजर मैसेज को क्रियेट, रैप्लाय/reply, फारवर्ड और डिलीट केवल एक बटन के क्लिक से कर सकते है। टूल बार की विवरण नीचे दिया गया है :–




**चित्र–21**

(1) **क्रियेट मैसेज** : नयी मैसेज बनाने और भेजने के लिए।
(2) **रैप्लाय**: मैसेज का रैप्लाय देने के लिए।
(3) **फॉरवर्ड** : एडिटिंग/करेक्षन के बाद मैसेज का रैप्लाय देने के लिए।
(4) **प्रिंट** : मैसेज को प्रिंट करने के लिए।
(5) **डिलीट** : मैसेज को डिलीट करने के लिए।
(6) **एड्रेस** : एड्रेस बुक देखने के लिए।
(7) **फाइंड** : किसी फोल्डर से मैसेज ढूंढने के लिए।
(8) **रिफ्रेष** : आई.डी.टी. आउॅटलुक विंडो रिलोड करने के लिए।

## आई.डी.टी. आउॅटलुक विंडो की विस्तृत जानकारी :


| फोल्डर का नाम | सब–फोल्डर | कार्य |
|---|---|---|
| Local Folders | Inbox | सभी इंटरफेसों से प्राप्त होने वाली मैसेज को स्टोर करता है। |
| | Outbox | ट्रॉस्मिट हो रही अथवा क्यू में लगी मैसेजों को टेम्परेरी स्टोर करता है। |
| | Switched | स्विच्ड मैसेजो को टेम्परेरी स्टोर करता है। |
| | Draft | ड्रॉफ्ट मैसेजो को बाद में भेजने हेतु स्टोर करता है। |
| | Sent Items | किसी भी इंटरफेस की सभी सेंट मैसेजों को स्टोर करता है। |
| | Ack | सेंट की गई मैसेजो के ऐक्नॉलेजमेंट को स्टोर करता है। |
| | Failed | केवल फेल मैसेजो को स्टोर करता है। |
| | Chat | कन्वरसेषन मोड में भेजी गई मैसेजो को स्टोर करता है। |
| Print Folders | Printing | प्रिंट हो रही या प्रिंट क्यू मे लगी मैसेजों को दिखाता है। |
| | Printed | प्रिंट हो चुकी मैसेजों को दिखाता है। |
| Log Folders | Channel | प्रत्येक चैनल का चैनल कॉन्फीगुरेषन लॉग दिखाता है। |
| | Admin | एडमिनिस्ट्रेटिव एक्टिविटी लॉग दिखाता है। |
| Deleted Folders | Inbox | इनबॉक्स फोल्डर से डिलीट की गई सभी मैसेजो को स्टोर करता है। |
| | Outbox | आउटबॉक्स फोल्डर से डिलीट की गई सभी मैसेजो को स्टोर करता है। |

| | | |
|---|---|---|
| | Switched | स्विचबॉक्स फोल्डर से डिलीट की गई सभी मैसेजो को स्टोर करता है। |
| | Draft | ड्राफ्ट फोल्डर से डिलीट की गई सभी मैसेजो को स्टोर करता है। |
| | Sent Items | सेन्ट फोल्डर से डिलीट की गई सभी मैसेजो को स्टोर करता है। |
| | Ack | ऐक्नॉलेजमेंट फोल्डर से डिलीट की गई सभी मैसेजो को स्टोर करता है। |
| | Failed | फेल्ड फोल्डर से डिलीट की गई सभी मैसेजो को स्टोर करता है। |
| | Chat | चेट फोल्डर से डिलीट की गई सभी मैसेजो को स्टोर करता है। |

**मैसेज बनाना और भेजना :**

नई मैसेज बनाने के लिए निम्नानुसार कार्यवाही करते है :–

(1) आई.डी.टी. आउॅटलुक विंडो के क्रियेट मैसेज बटन पर क्लिक करते है। यह चित्रानुसार मैसेज कम्पोज करने व भेजने के लिए नई विंडो खोलेगा।
(2) TO - के सामने टेक्स्ट बॉक्स में एड्रेस बुक से स्टेषन सिलेक्ट/टाईप करेंगे।
(3) सब्जेक्ट के सामने टेक्स्ट बॉक्स में मैसेज का सब्जेक्ट टाईप करेंगे।
(4) बडे सफेद टेक्स्ट बॉक्स में ओरिजनल मैसेज टाईप करेंगे।
(5) मैसेज को ट्रॉसमिट करने के लिए सेंड बटन पर क्लिक करेंगे।




चित्र–22

**क्रियेट मैसेज विंडो के फाइल मीनू की विस्तृत जानकारी :**

| मीनू | सब मीनू | कार्य |
|---|---|---|
| File | Send Message | मैसेज तत्काल भेजने के लिए। |
| | Send Timed Message | मैसेज बाद में अन्य समय पर भेजने के लिए। |
| | Save | टाईप की हुई मैसेज को ड्राफ्ट फोल्डर मे सेव करने के लिए। |
| | Close | क्रियेट मैसेज विंडो से बाहर जाने के लिए। |
| Edit | Cut | टेक्स्ट के सिलेक्ट किये हुए भाग को कट करने के लिए। |
| | Copy | टेक्स्ट के सिलेक्ट किये हुए भाग को कॉपी करने के लिए। |
| | Paste | टेक्स्ट के कट/कॉपी किये हुए भाग को पेस्ट करने के लिए। |
| | Select All | सम्पूर्ण टेक्स्ट एरिया को सिलेक्ट करने के लिए। |
| | Insert | दिनांक व समय अंकित करने के लिए। |
| Insert | Attachments | मैसेज के साथ एक से अधिक फाइल अटैच करने के लिए। |
| | Text from File | टेक्स्ट फाईल (.txt) के साथ टेक्स्ट अंकित करने के लिए। |
| Tools | Spelling | मैसेज की स्पेलिंग चैक करने के लिए। |
| | Request | रिसिप्ट मैसेज का ऐक्नॉलेजमेंट भेजने के लिए रेसिपेंट को यह रीड रिसीप्ट प्रॉम्प्ट सिलेक्ट करने के लिए। |
| | Select | रेसिपेंट को डेस्टीनेषन एड्रेस सिलेक्ट करने के लिए। |
| | Address Book | एड्रेस बुक दर्षाने के लिए। |
| | Encryption | यह मैसेज को इन्क्रिप्ट कर भेजने के लिए इनेबल करता है। (ऐच्छिक फीचर) |
| | Set Priority | मैसेज की प्रायोरिटी चुनने के लिए। जैसे – इमरजेंसी, ओ.पी. इमिडियेट, प्रायोरिटी व रूटीन। |

**क्रियेट मैसेज विंडो का टूल बार :**




चित्र–23

(1) सेंड : मैसेज भेजने के लिए।
(2) सेंड टाईम्ड : मैसेज शेड्यूल टाईम पर भेजने के लिए।
(3) स्पेलिंग : मैसेज में स्पेलिंग चैक करने के लिए।
(4) अटैच : मैसेज के साथ एक से अधिक फाईल अटैच करने के लिए।


(5) प्रायोरिटी : मैसेज की प्रायोरिटी चुनने के लिए।

| **प्रायोरिटी** | **प्रायोरिटी इंडीकेटर** | **रंग** |
|---|---|---|
| रूटीन | Q6 | ग्रे |
| प्रायोरिटी | Q7 | नीला |
| ओ.पी. इमिडियेट | Q8 | हरा |
| फ्लेष इमरजेंसी | Q9 | लाल |

(6) इन्क्रिप्ट : यह मैसेज को इन्क्रिप्ट कर भेजने के लिए है।


(7) रिसीव ऐक्नॉलेजमेंट : इस ऑप्षन के सिलेक्ट करने पर यह रेसिपेन्ट (प्राप्तकर्ता) से तत्काल रीड रिसीप्ट के लिए है।

(8) प्लेन टेक्स्ट : यह बटन रिच टेक्स्ट फॉरमेट मैसेज या हिन्दी मैसेज के लिए है।




चित्र–24

एच.एफ. / व्ही.एच.एफ. / यू.एच.एफ. / पोलनेट का एकीकरण





चित्र–25

**अटैचमेंट भेजना** : आई.डी.टी. आउॅटलुक सॉफ्टवेयर बाईनरी (दोहरी) फाईल अटैचमेंट को सपोर्ट करता है। छोटी फाईल मैसेज के साथ ही अटैच कर भेजी जा सकती है।

(1) आई.डी.टी. आउॅटलुक मेन विंडो के क्रियेट मैसेज बटन पर क्लिक करिऐ।
(2) यह चित्रानुसार नई विंडो खोलता है।
(3) चित्रानुसार टूल बार से अटैच बटन पर क्लिक करिऐ।
(4) यह चित्रानुसार नई विंडो खोलता है, यहॉ से फाईल सिलेक्ट कर ओपन बटन पर क्लिक करते है।
(5) इस तरह मैसेज के साथ फाईल अटैच कर भेजी जाती है। इसी प्रकार एक से अधिक फाईल भी अटैच कर भेज सकते है।


चित्र–26



**एड्रेस बुक कॉन्फिगुरेषन :** एड्रेस बुक स्टेषनों की सूची व उनके कॉल साईन स्टोर करता है। वह यह भी निर्धारित करता है कि किस माध्यम से ट्रॉसमिषन होगा। हम इंटरफेस की प्राथमिकता भी सेट कर सकते है कि किसके द्वारा पहले मैसेज ट्रॉसमिट हो। पहला माध्यम डाउन अथवा फेल होने पर मैसेज अपने आप अगली प्राथमिकता के इंटरफेस को सिलेक्ट करता है।


एड्रेस बुक के कॉन्फीगुरेषन के लिए निम्न बिंदुओं का अनुसरण करते है :

(1) मुख्य आई.डी.टी. आऊॅटलुक विंडो में एड्रेस बटन पर क्लिक करते है। इससे चित्रानुसार एड्रेस बुक विंडो खुलती है।




चित्र–27

(2) नया एड्रेस/स्टेषन जोडने के लिए चित्रानुसार न्यू बटन पर क्लिक करेंगे।
(3) चित्रानुसार ADD ADDRESS विंडो खोलेगा।





चित्र–28

**नोट :** स्विच्ड मैसेज का ऐक्नॉलेजमेंट प्राप्त करने के लिए ऐंड–टू–ऐंड ऐक्नॉलेजमेंट चेक करते है।
(4) रिमोट स्टेषन आई.डी. टेक्स्ट बॉक्स में स्टेषन का नाम लिखेंगे।

(5) इंटरफेस का प्रकार सिलेक्ट करने के लिए + बटन पर क्लिक करेंगे (इंटरफेस को हटाने के लिए – बटन पर क्लिक करेंगे)।

इससे शीघ्र ही चित्रानुसार एक नई विंडो खुलेगी।





चित्र–29

(6) एड इंटरफेस विंडो के ड्रॉप–डाउन मीनू से लोकल इंटरफेस का प्रकार सिलेक्ट करेंगे और रिमोट कनेक्षन टेक्स्ट बॉक्स में रिमोट स्टेषन का कॉल साईन इंटर करेंगे।
(7) इसे सेव करने के लिए इंसर्ट बटन पर क्लिक करेंगे।
(8) इसी प्रकार उसी स्टेषन में अन्य इंटरफेसों को जोडने के लिए उपरोक्त बिंदु क्रमांक 5 से 7 का अनुसरण करेंगे और उसके बाद डन बटन पर क्लिक करेंगे।
(9) अब चित्रानुसार एड बटन पर क्लिक करेंगे। यह एड्रेस बुक में स्टेषन को जोडेगा।
(10) इसी प्रकार अन्य स्टेषनों को जोडने के लिए उपरोक्त बिंदु क्रमांक 4 से 8 का अनुसरण करेंगे।

**नोट :–** किसी एक निष्चित स्टेषन के इंटरफेस की प्राथमिकता बदलने के लिए चित्रानुसार अप /डाउन बटन पर क्लिक करेंगे।

**मॉनीटरिंग ट्रॉफिक :** किसी भी इंटरफेस का ट्रॉफिक, ट्रॉफिक विंडो से देखा जा सकता है। ट्रॉफिक विंडो को चित्रानुसार चैनल स्टेटस बार के नीले भाग पर क्लिक कर कहीं भी ले जा सकते है। अलग–अलग इंटरफेस का ट्रॉफिक अलग–अलग टेब्स पर क्लिक कर देखा जा सकता है।





चित्र–30

## चैट मोड में जाना :


चैट मोड दो स्टेषनों के बीच वन–टू–वन कम्यूनिकेषन की अनुमति देता है। चैट मोड में जाने के लिए निम्न बिंदुओं का अनुसरण कीजिये।

(1) टास्क बार के दाहिनें तरफ आई.डी.टी. सर्विस आईकॉन पर राईट क्लिक कीजिये।
(2) चित्रानुसार क्लिक कर इंटरफेस सिलेक्ट कीजिये।




चित्र–31

(3) इससे चित्रानुसार चैट विंडो खुलेगी।




चित्र–32

(4) कनेक्ट बटन पर क्लिक कीजिए। यह शीघ्र ही रिमोट स्टेषन का कॉल साईन इंटर करता है।
(5) अब चित्रानुसार टेक्स्ट बॉक्स में मैसेज टाईप कीजिए और सेंड बटन पर क्लिक कीजिए।


(6) जब बातचीत पूर्ण हो जाये डिस्कनेक्ट बटन पर क्लिक कीजिए।

**नोट :–** जब चैट मोड में कनेक्ट हो, मॉडेम का चैनल स्टेटस Conv. को दर्षाता है। तब व्हू आर यू स्टेटस चैक करने के लिए WRU पर क्लिक कीजिए SOM मैसेज की शुरूआत में जायेगा (ZCZC), EOM मैसेज के अंत में जायेगा (ZCZC), Answerback रिमोट स्टेषन से वापस उत्तर लेता है, Date Time वर्तमान दिन व समय भेजता है।

**लॉग जनरेषन :**


आई.डी.टी. साफ्टवेयर सभी आवष्यक जानकारी जैसे – मैसेज आई.डी., टू, फ्रॉम, सब्जेक्ट, सेंट टाईम एंड डेट, इंटरफेस और प्रायोरिटी ऑफ मैसेज देने के लिए सभी सेंट/रिसीव/फेल/चैट/ऐक्नॉलेजमेंट मैसेजों का अलग–अलग लॉग स्टोर करता है।

**लॉग प्रिंट करने के लिए निम्न बिंदुओं का अनुसरण कीजिये** (उदाहरण : सेंट मैसेजों का लॉग) :
(1) आई.डी.टी. आउॅटलुक विंडो के मैन मीनू पर प्रिंट बटन पर क्लिक करें।
(2) अब प्रिंट सब मीनू से लॉग बटन पर क्लिक करें। यह चित्रानुसार प्रिंट लॉग विंडो को खोलेगा।
(3) इच्छित रेडियो बटन पर क्लिक करके लॉग टाईप सिलेक्ट करें।




**चित्र–33**

(4) अब वह दिन व समय सिलेक्ट करें जिसके लॉग की आपको आवष्यकता है।
(5) अब जनरेट बटन पर क्लिक करें। यह दी गई कालावधि का लॉग दर्षाता है।
(6) अब चित्रानुसार मीनू मे जाकर प्रिंट पर क्लिक करें।
(7) यह चित्रानुसार नई एड टू प्रिंट क्यू विंडो खोलता है।




चित्र–34

(8) ड्रॉप–डाउन मीनू से प्रिंटर सिलेक्ट करें।
(9) प्रतियों की संख्या सिलेक्ट करें।
(10) ड्रॉफ्ट प्रिंट बॉक्स पर टिक करें यदि आप ड्रॉफ्ट क्वालिटी प्रिंट अथवा डॉट मेट्रिक्स प्रिंटर से प्रिंट लेते है। अन्यथा इस बिन्दू को छोड दें।
(11) अब एड टू क्यू बटन पर लॉग फाईल को प्रिंट करने के लिए क्लिक करें।

===== 000 =====

लेखक – नि. रे. मनीष रंगारी
बिषय सामग्री का संदर्भ –
1.मैनुअन – आई.डी.टी. सिस्टम